234

संख्या–429/XVI-2/ 7(25/2012

प्रेषक,

ओम प्रकाश,
प्रमुख सचिव
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
भेषज विकास इकाई,
देहरादून।

उद्यान एवं रेशम अनुभागः–2 देहरादूनः दिनांक 24 अगस्त, 2012

विषयः–वित्तीय वर्ष 2012–13 के आय–व्ययक में अनुदान संख्या–29 की राज्य सैक्टर की योजनाओं में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या–729/लेखा/बजट मांग/2012–13 दिनांक 08 अगस्त, 2012 एवं वित्त अनुभाग–1 के पत्र संख्या–321/XXVII(1)/2012, दिनांक 19 जून, 2012 एवं वेब आधरित प्रणाली के माध्यम से पासवर्ड के आधार पर सेन्टल सर्वर से बजट आवंटन हेतु वित्त अनुभाग–1 के शा0सं0–183 /xxvii(1)/2012 दिनांक 28 मार्च, 2012 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है, कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2012–13 के आय–व्ययक (दिनांक 01 अप्रैल 2012 से 31 जुलाई 2012 तक के लिये 04 माह के लेखानुदान की समस्त धनराशि को सम्मिलित करते हुए) अनुदान संख्या–29 के आयोजनागत पक्ष की राज्य सैक्टर की योजनाओं में सम्पूर्ण रूप से कुल प्राविधानित ₹12000 हजार के सापेक्ष संलग्न विवरणानुसार ₹2225 हजार (₹बाईस लाख पच्चीस हजार मात्र) की धनराशि व्यय हेतु आपके निर्वतन में रखे जाने की श्री राज्यपाल निम्नांकित शर्तानुसार सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैंः–

2– इस धनराशि का व्यय केवल उन्ही मदों में किया जायेगा जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है एवं धनराशि का आहरण एवं व्यय वास्तविक आवश्यकतानुसार किया जायेगा।

3– उक्त व्यय करते समय वित्त अनुभाग–1,उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या–321 /XXVII(1)/2012,दिनांक–19 जून, 2012 में दिये गये दिशा–निर्देशों तथा शासन द्वारा समय–समय पर निर्गत आदेशों/निर्देशों एवं बजट मैनुअल के सुसंगत नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

4– किसी भी शासकीय व्यय हेतु प्रोक्योरमेन्ट रूल्स 2008 वित्तीय नियम संग्रह खण्ड–1 (वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन नियम) वित्तीय नियम संग्रह खण्ड–5 भाग–1 (लेखा नियम) आय व्ययक सम्बन्धी नियम (बजट मैनुअल) तथा अन्य सुसंगत नियम, शासनादेश आदि का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा, तथा कम्प्यूटर हार्डवेयर/ साफ्टवेयर का कय सूचना प्रौद्योगिकी (I.T.)विभाग के शासनादेशों/दिशा–निर्देशों का पालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।

5– व्यय करने से पूर्व जिन मामलों में बजट मैनुअल वित्तीय हस्तपुस्तिका के नियमों तथा अन्य स्थाई आदेशों के अन्तर्गत शासकीय तथा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति की आवश्यकता हो तो उसमें व्यय करने से पूर्व ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय।

6– व्यय केवल उन्हीं मदों में किया जाय, जिनके लिए यह स्वीकृति निर्गत की जा रही है, साथ ही किसी भी प्रकार के मद परिवर्तन का अधिकार विभाग के पास नहीं रहेगा।

7– व्यय की सूचना प्रपत्र बी0एम0–13 पर प्रत्येक माह की 20 तारीख तक वित्त विभाग को अवश्य उपलब्ध कराई जाय तथा धनराशि का आहरण/व्यय एकमुश्त न करके आवश्यकतानुसार ही किया जायेगा।

8– योजनावार स्वीकृत धनराशि का व्यय सम्बन्धित योजना के संगत दिशा–निर्देशों के अनुरूप ही की जायेगी। किसी भी दशा में संगत दिशा–निर्देशों से इतर कार्यवाही नहीं की जायेगी।

9– स्वीकृत की जा रही धनराशि विभागीय आहरण वितरण अधिकारियों को तत्काल अवमुक्त कर दी जाय जिससे फील्ड स्तर पर बजट उपलब्ध न होने की स्थिति उत्पन्न न होने पाये।

10– इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2012–13 में अनुदान संख्या–29 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक–2401 फसल कृषि कर्म–00–आयोजनागत, 119–बागवानी एवं सब्जियों की फसलें–00– 16–मानव संसाधन विकास योजना, 18–भेषज कृषि विकास योजना के अन्तर्गत **संलग्न विवरण** में अंकित सुसंगत प्राथमिक इकाईयों के नामे डाला जायेगा।

11– यह आदेश वित्त विभाग के शा0 पत्र संख्या–321/XXVII(1)/2012,दिनांक–19 जून, 2012 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत जारी किये जा रहे हैं।

संलग्नक–यथोपरि।

भवदीय,

(ओम प्रकाश)
प्रमुख सचिव।

संख्या–429(1)/XVI-2/7 (25)/2012, तददिनांकः

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1.महालेखाकार, उत्तराखण्ड, ओबराय मोटर्स बिल्डिग माजरा, देहरादून।
2.समस्त वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी उत्तराखण्ड।
3.बजट राजकोषीय नियोजन ए वं संसाधन निदेशालय, उत्तराखण्ड।
4.राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, सचिवालय परिसर देहरादून।
5.वित्त अनुभाग–4,उत्तराखण्ड शासन।
6.गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(देवेन्द्र पालीवाल)
उप सचिव।